प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- पंजाब में हिमाचल की बसों को नुकसान पहुंचाए जाने से राज्य सरकार चिंतित–सुरक्षा के दृष्टिगत कुछ बस रूट हो सकते हैं सस्पेंड।
- विधानसभा में भाजपा सदस्यों ने सरकार से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए हरियाणा की तर्ज पर नीति बनाने की मांग की।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजा जारी करने का किया आग्रह।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।

अब समाचार विस्तार से.....

उपमुख्यमंत्री वक्तव्य

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पंजाब में हिमाचल प्रदेश की बसों को नुकसान पहुंचाए जाने से सरकार चिंतित है। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज एक विशेष वक्तव्य देते हुए उन्होंने कहा कि इस समय पड़ोसी राज्य से प्रदेश की 6 सौ बसें विभिन्न रुटों पर चलती है। ऐसे में एच.आर.टी.सी. की बसों को निशाना बनाए जाने से प्रदेश सरकार को कोई निर्णय लेना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री कहा कि अमृतसर में बीती रात एच.आर.टी.सी. की खड़ी 4 बसों को नुकसान पहुंचाने के अलावा विवादित पोस्टर भी लगाए गए हैं। इस संबंध में पुलिस में एफ.आई.आर. भी दर्ज की गई है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री व डी.जी.पी. स्तर पर बातचीत करने के बावजूद स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार यात्रियों और चालकों व परिचालकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है, इसके मध्यनजर सरकार ने पंजाब में बसों का रात्रि ठहराव न करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार पंजाब सरकार से घटनाओं पर रोक व कार्रवाई को लेकर बातचीत कर रही है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत सरकार कुछ रूट सस्पेंड करने पर भी विचार कर रही है।

संकल्प चर्चा

विधानसभा में आज गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस के दौरान भाजपा विधायक सुखराम चौधरी की तरफ से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए हरियाणा की तर्ज पर नीति बनाने के संकल्प पर चर्चा हुई। विधायक सुखराम चौधरी और सतपाल सिंह सत्ती ने आउटसोर्स कर्मचारियों की पैरवी की और शोषण वाली व्यवस्था को बंद करने की मांग की। सुखराम चौधरी ने कहा कि प्रदेश में इस समय 35 हजार कर्मचारी सरकारी क्षेत्र में आउटसोर्स पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में उनके हितों के संरक्षण के लिए हरियाणा की तर्ज पर नीति बननी चाहिए, जिससे 58 वर्ष तक उनकी सेवाएं ली जा सके। उन्होंने कोरोना काल में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने पर आपत्ति जताई। सतपाल सिंह

सत्ती ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सरकार भले ही तेलंगाना या कर्नाटक की नीति बनाए, लेकिन शोषण रोकने के लिए कोई निर्णय लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज आउटसोर्स उच्च शिक्षा प्राप्त युवा बेहतर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनको कई बार 3 माह तक वेतन नहीं मिलता। उन्होंने प्रदेश में लाखों युवा बेरोजगारों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी नहीं मिलने पर चिंता जताई। कांग्रेस विधायक किशोरी लाल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश के एक लाख 36 हज़ार कर्मचारियों को पुरानी पैंशन का लाभ दिया है। इसी तरह वर्तमान सरकार आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए हरियाणा नहीं बल्कि हिमाचल की तर्ज पर नीति बनाएगी। विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं देने पर आपत्ति जताई। भाजपा विधायक डा. हंसराज ने इस बात पर आपत्ति जताई कि कोरोना काल में जान जोखिम पर डालने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को बाहर किया गया।

अनिरूद्ध सिंह

प्रदेश में पहली अप्रैल के बाद बीपीएल के चयन को लेकर नए सिरे से सर्वेक्षण किया जाएगा। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक नीरज नैय्यर के सवाल के जवाब में पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नए मापदंडों के बाद बीपीएल के चयन के लिए बीडीओ और एसडीएम की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से वर्ष 2023 के मानसून में भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रदेश को हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजा जारी करने का आग्रह किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा के बाद आवश्यकता मूल्यांकन वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है लेकिन केंद्र सरकार द्वारा अभी तक राहत राशि प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों का उपयोग कर जन जीवन को सामान्य बनाने के लिए राहत और पुनर्वास कार्य किए। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रदेश हित से जुड़े विभिन्न मामलों पर भी चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने प्रदेश को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नशा आज हिमाचल प्रदेश में एक अभिशाप बनता जा रहा है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताई। राज्यपाल आज सोलन के एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान में मीडिया की भूमिका को भी सराहा। उन्होंने कहा कि हालांकि लोग अब जागरूक हो रहे हैं लेकिन नशे की बुराई को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान ये सुनिश्चित करें कि दाखिले से पहले नशे न करने का शपथ पत्र लिया जाए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज किन्नौर ज़िले कटगांव से संबंध रखने वाले दिवंगत चीफ इंजीनियर विमल नेगी के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से अपनी संवेदनाएं प्रकट की। बाद में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि विमल नेगी की संदिग्ध मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और भाजपा इसमें निष्पक्ष जांच की मांग करती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है और मंडी ज़िले के पुलघराट में भी बीती रात गोलीकांड एक घटना सामने आई है, जिसमें अज्ञात बाईक सवारों ने एक ढाबा संचालक को गोली मार दी।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय ऊर्जा व शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की और हिमाचल प्रदेश की ऊर्जा परियोजनाओं में आ रही समस्याओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 24 हज़ार मैगावॉट से अधिक की विद्युत क्षमता है जिसमें से लगभग 11 हज़ार मैगावॉट के आसपास उत्पादन हो रहा है। सिकंदर कुमार ने प्रदेश में पावर प्रोजैक्टस को लेकर केन्द्रीय सहायता व सहयोग का आग्रह किया। सिकंदर कुमार ने धर्मशाला व शिमला के अलावा अन्य शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने का आग्रह किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आ रही दिक्कतों से भी केन्द्रीय मंत्री को अवगत करवाया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सांसद सिकंदर कुमार द्वारा उठाए गए विषयों को लेकर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा–निर्देश दिए।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- पंजाब में हिमाचल की बसों को नुकसान पहुंचाए जाने से राज्य सरकार चिंतित–सुरक्षा के दृष्टिगत कुछ बस रूट हो सकते हैं सस्पेंड।
- विधानसभा में भाजपा सदस्यों ने सरकार से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए हरियाणा की तर्ज पर नीति बनाने की मांग की।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजा जारी करने का किया आग्रह।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।